दिनांक:14.06.2025 समय : 02.10PM

आकाशवाणी मध्यप्रदेश

□ीएम-यात्रा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल साइप्रस, कनाडा और क्रोएशिया की □ांच दिन की यात्रा □र जाएंगे। साइप्रस के राष्ट्र□ति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस के निमंत्रण □र प्रधानमंत्री मोदी कल साइप्रस की आधिकारिक यात्रा □र जायेंगे। किसी भारतीय प्रधानमंत्री की दो दशक में साइप्रस की यह □हली यात्रा होगी। यात्रा के दूसरे चरण में, श्री मोदी जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए 16 जून को कनाडा जाएंगे। यह दौरा कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के निमंत्रण □र हो रहा है। श्री मोदी शिखर सम्मेलन के दौरान कई द्वि□क्षीय बैठकें भी करेंगे।

यात्रा के अंतिम चरण में, प्रधानमंत्री मोदी 18 जून को क्रोएशिया की आधिकारिक यात्रा □र जाएंगे। यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की क्रोएशिया की □हली यात्रा होगी, जो द्वि□क्षीय संबंधों में एक महत्व□ूर्ण मील का □त्थर साबित होगी। क्रोएशिया की यात्रा यूरो□ीय संघ में भागीदारों के साथ अ□ने जुड़ाव को और मजबूत करने की भारत की प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करेगी।

भाज□ा प्रशिक्षण

प्रदेश में भारतीय जनता □ार्टी आगामी चुनाव की तैयारी के मद्देनजर अ□ने जनप्रतिनिधियों को सशक्त और कुशल बनाने के लिए विशेष तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित कर रही है। यह शिविर आज □चमढ़ी में शुरू होगा। केंद्रीय गृहमंत्री और भाज□ा के वरिष्ठ नेता अमित शाह दो□हर तीन बजे इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। साथ ही सांसदों और विधायकों को प्रशिक्षित करेंगे। सभी सांसद-विधायक ‘एक □ेड़ मां के नाम’ अभियान के तहत □ौधरो□ण करेंगे।

सोमवार को प्रशिक्षण के अंतिम दिन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह □ार्टी □दाधिकारियों को संबोधित करेंगे।

योग कनेक्ट शिखर सम्मेलन

केंद्रीय़ आयुष मंत्री प्रताव राव जाधव ने कहा है कि योग वैश्विक कल्याण के प्रति भारत की महत्वाकांक्षा को प्रदर्शित करता है। वे आज नई दिल्ली में वैश्विक शिखर सम्मेलन-योग कनेक्ट को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर □र संस्कृति और □र्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, योग गुरु रामदेव तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उ□स्थित थे। श्री जाधव ने योग के महत्व □र प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान समय में मानवता □ूरे विश्व में कई चुनौतियों का सामना कर रही है और ऐसी स्थिति में योग भारत की ओर से विश्व शांति के लिए □ूरे संसार को एक उ□हार तथा विरासत है।

मूंग पंजीयन

न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जित की जाने वाली मूंग और उड़द के लिये संबंधित किसानों का पंजीयन 19 जून से शुरू होगा। इसके लिये किसान की फसल का नाम, आधार नंबर, बैंक खाता नंबर, आईएफसी कोड सहित भूअधिकार ऋण पुस्तिका की स्व-प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना होगी। बैंक खाता राष्ट्रीयकृत बैंक एवं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की शाखा का होना अनिवार्य है। सिकमी और बटाई काश्तकार को पंजीयन के लिये आवेदन के साथ सिकमी के अनुबंध की स्व-प्रमाणित प्रति संलग्न करना होगी।

नीट रिजल्ट

राष्ट्रीय परीक्षा ऐजेंसी- एनटीए ने आज नीट यूजी 2025 के नतीजे घोषित कर दिए हैं। राजस्थान के हनुमानगढ़ के महेश केसवानी की पहली और इंदौर के उत्कर्ष अवधिया ने देशभर में दूसरा स्थान हासिल किया है।

परीक्षार्थी NTA की आधिकारिक वेबसाइट exam.nta.ac.in/NEET पर लॉग इन करके NEET रिजल्ट 2025 डाउनलोड कर सकते हैं। इसके अलावा रिजल्ट neet.ntaonline.in या exam.nta.ac.in पर भी देखा जा सकता है।

मौसम

अब खबर मौसम की, प्रदेश में आज भी उमस की वजह से भीषण गर्मी का अहसास हो रहा है। इस बीच मौसम विभाग ने जानकारी दी है कि दक्षिण-□श्चिम मानसून ने फिर से रफ्तार □कड़ी है। उम्मीद है कि अगले 3 दिन यानी, 15-16 जून को मानसून राज्य में प्रवेश कर लेगा।

विभाग के अनुसार, आज भो□ाल, इंदौर, उज्जैन, जबल□ुर, आगर-मालवा, धार, बड़वानी, खरगोन, राजगढ़, शाजा□ुर, देवास, खंडवा, बुरहान□ुर, हरदा, सीहोर, विदिशा, रायसेन, नर्मदा□ुरम, बैतूल, सागर, नरसिंह□ुर, छिंदवाड़ा, □ांढुर्णा, दमोह, □न्ना, सतना, मऊगंज, मैहर, कटनी, उमरिया, शहडोल, अनू□□ुर, डिंडौरी, मंडला, बालाघाट में भी तेज आंधी, गरज-चमक और हल्की बारिश होने की संभावना है।

संक्षिप्त समाचार

1- नर्मदा□ुरम जिले में विकसित कृषि संकल□ अभियान का समा□न समारोह आयोजित किया गया। इस अभियान के तहत कृषि विज्ञान केंद्र गोविंदनगर, कृषि विभाग और आइसीएआर के विशेषज्ञों की एक टीम ने नर्मदा□ुरम विकासखंड के ग्राम □ंचायत भिलाखेड़ी में कार्यक्रम का आयोजन किया।

2- शिव□ुरी जिले में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत ईकेवाईसी कार्य में ला□रवाही बरतने □र कोलारस एसडीएम ने 8 विक्रेताओं □र कार्यवाही की है। उन्होंने

शासकीय उचित मूल्य की दुकान के विक्रेताओं को □द से हटा दिया है।

3- हज मुक्कमल कर हाजियों की वा□सी का सिलसिला शुरू हो गया है। आज सुबह दूसरी फ्लाइट भो□ाल □हुंची, इससे 109 हज यात्री वा□स आए।

4- □न्ना जिले के इटौरी गांव मे एक कुए मे आज एक तेंदुआ गिर गया। घटना की जानकरी मिलने □र □न्ना टाइगर रिजर्व की रेस्क्यू की टीम मौके □र □हुंच गयी है।